तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

11 टोनाटार में नम आंखों से हुई मां दुर्गा की विदाई पूरेनिहा ...



12 सिमगा में मनाया गया विजयादशमी पर्व, 35 ...



बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

खबर संक्षेप

स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर कल

बलौदाबाजार। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 23 अक्टूबर 2026 को सुबह 9 बजे जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में चिरायु दल द्वारा चिन्हांकित किए गए जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण होगा। एमएमआई नारायणा अस्पताल रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के सहयोग से बच्चों की स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक उपचार संबंधी कार्यवाही की जाएगी। इस शिविर का उद्देश्य चिरायु कार्यक्रम के अंतर्गत चिन्हांकित बच्चों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श एवं बेहतर उपचार उपलब्ध कराना है, ताकि बच्चों को समय पर उचित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी ने संबंधित अधिकारियों एवं चिरायु दल को शिविर के सफल आयोजन के लिए आवश्यक समन्वय एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश हैं।

संत ग्रंथ गुरु गद्दी पूजा महोत्सव आज से

बगबुड़ा। खम्हरिया लवन वार्ड क्रमांक 14/15 स्थित गुरु घासीदास जन कल्याण युवा समिति के तत्वावधान में संत शिरोमणि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी का सात दिवसीय गुरु गद्दी पूजा महोत्सव 22 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन पं. हिरामन सोनवानी (बिटकुली वाले) के कर-कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी की गद्दी पूजा एवं ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी। इस सात दिवसीय आयोजन के दौरान पधारने वाली प्रत्येक संत ग्रंथ टोली को समिति की ओर से ▶▶|शेष पेज 10 पर

सशक्त नारी, युवा उड़ान थीम पर 2 नवंबर को मनेगा जिला स्तरीय राज्योत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन 2 नवम्बर 2026 को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित पण्डित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानन्द शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय खेल मैदान में होगा। इस बार राज्योत्सव 'सशक्त नारी, युवा उड़ान' थीम पर आधारित होगा।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को अधिकारियो की बैठक लेकर भव्य एवं गरिमामय आयोजन हेतु जरुरी निर्देश व तैयारी हेतु विभागवार जिम्मेदारी सौंपी। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार राज्योत्सव के अवसर पर 1 से 3 नवम्बर तक सभी शासकीय भवनों में रोशनी की जाए।

इसके साथ ही निजी संस्थानों एवं भवनों में रोशनी के लिए सम्बंधितो को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कलाकारों का चयन एवं आने- जाने व ठहरने की आवश्यक व्यवस्था के लिये टीम गठित करने कहा। इसके साघ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में छत्तीसगढी संस्कृतिक के साथ ही शासन की योजनाओं औऱ उपलब्धियों पर आधारित जनजागरूकता को भी शामिल करने कहा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर एआर टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित एसडीएम, एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

1 से 3 नवंबर तक रोशनी से जगमगाएंगे सरकारी भवन



सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

जिला स्तरीय राज्योत्सव के दौरान विभागीय योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जाएगा। उन्होंने मुख्य मंच निर्माण, विभागीय स्टॉल निर्माण, बैठक व्यवस्था, साउंड सिस्टम, क़ानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, वाहन पार्किंग, पेयजल, साफ -सफाई, सुरक्षा एवं मेडिकल, फ़ूड जोन, मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि के लिये विभागों को जिम्मेदारी सौंपते हुए बेहतर आयोजन के निर्देश दिये। कलाकारों व स्कूली छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति-कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि राज्योत्सव में प्रसिद्ध कलाकारों के साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे।

कारोबारियों को विभागीय कार्रवाई का भय दिखाकर कीटनाशक दवाइयां लेने और भुगतान न करने का आरोप

कृषि दुकानों की जांच करने वाले विस्तार अधिकारी पर एफआईआर, 12.41 लाख रुपए के हेरफेर का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

कृषि दुकानों में खाद और कीटनाशक दवाइयों के स्टॉक की जांच करने की जिम्मेदारी संभालने वाले कृषि विस्तार अधिकारी पर ही लाखों रुपये की कथित धोखाधड़ी के गंभीर आरोप लगे हैं। जिले के कसडोल विकासखंड अंतर्गत कृषि विस्तार अधिकारी राकेश कुमार रत्नेश के खिलाफ कारोबारियों से कीटनाशक दवाइयां लेकर भुगतान नहीं करने और भुगतान के नाम पर कथित तौर पर फर्जी हस्ताक्षर वाले चेक देने के मामले में FIR दर्ज की गई है। मामला सामने आने के बाद कृषि विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। कसडोल थाना पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। शिकायत के अनुसार, आरोपी अधिकारी पर कृषि सेवा केंद्र संचालकों को विभागीय जांच, स्टॉक सत्यापन और लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई का भय दिखाकर कीटनाशक दवाइयां लेने का आरोप है। कारोबारियों का कहना है कि सामग्री देने के बाद जब भुगतान की मांग की गई, तो रकम लौटाने का आश्वासन दिया गया, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। आरोप है कि बकाया रकम के बदले कथित तौर पर फर्जी हस्ताक्षर वाले चेक भी दिए गए। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच ▶▶|शेष पेज 10 पर



एफआईआर के बाद आरोपी की तलाश, विभागीय कार्रवाई पर नजर

एस डी ओ पी कौशल किशोर वासनिक ने बताया की इस पूरे मामले में तीन लोगो का शिकायत प्राप्त हुआ है जिसके आधार पर अपराध दर्ज किया गया है। कसडोल थाना पुलिस आरोपी कृषि विस्तार अधिकारी की तलाश में जुटी है। जाँच के बाद आगे उचित कार्यवाही की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी के परिवार सहित फरार होने की बात भी सामने आई है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। पुलिस जांच के दौरान यह स्पष्ट होगा कि इस मामले में कितने कारोबारी प्रभावित हुए, कितनी राशि का वास्तविक बकाया है और क्या अन्य लोग भी इस प्रकरण में शामिल हैं।



तीन कारोबारियों से 12.41 लाख रुपये के लेनदेन का मामला

शिकायत में बलौदाबाजार, रायपुर और महासमुंद जिले के कृषि कारोबारियों से जुड़े कथित लेनदेन का उल्लेख किया गया है। शिकायतकर्ता देवव्रत साहू ग्राम सेल निवासी के मुताबिक, 15 जुलाई 2026 को 93,760 रुपये मूल्य की कीटनाशक दवाइयां दी गई थीं, लेकिन भुगतान नहीं हुआ। आरोप है कि बकाया राशि के संबंध में दूसरे व्यक्ति के वाहन को अपना बताकर लिखित आश्वासन दिया गया। शिकायत में उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार, तीन कारोबारियों से संबंधित कथित लेनदेन की कुल राशि 12,41,310 रुपये बताई गई है। इसके अलावा अन्य संभावित पीड़ितों को जोड़कर 50 लाख रुपये से अधिक की कथित ठगी की आशंका जताई गई है। हालांकि, कुल प्रभावित कारोबारियों की संख्या और वास्तविक बकाया राशि की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

निगरानी व्यवस्था पर उठे सवाल

इस पूरे मामले ने कृषि विभाग की निगरानी व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस पद पर रहते हुए अधिकारी को कृषि दुकानों के स्टॉक और लाइसेंस संबंधी प्रक्रियाओं की जिम्मेदारी निभानी थी, उसी पद के प्रभाव का दुरुपयोग करने का आरोप लगा है। अब कारोबारियों को बकाया राशि वापस मिलने और आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई को लेकर पुलिस जांच के नतीजों का इंतजार है।

40 साल बाद भी भूमि अधिकार नहीं मिला, दर-दर ठोकरे खाने मजबूर हैं शांति बाई

पलारी। विकासखण्ड पलारी के ग्राम धमनी में सन-1980 के दशक में काबिलकाश्त भूमि आबंटन के अंतर्गत भूमिहीनों को भूमि आबंटन किया गया।



अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के भूमिहीन कार्तिक राम पिता बिसरू कलिहारी को जमीन खसरा नंबर 1455/3 रकबा 0.506 एंव 1455/1 रकबा 0.505 कुल अढ़ाई एकड़ जमीन दी गई थी। प्रदत्त भूमि सार्वजनिक निस्तार मे आने के कारण एंव ग्रामवासियों के द्वारा तत्कालीन कलेक्टर रायपुर को आवेदन करने पर जांच किया। जाकर बदले में खसरा नंबर 870/1 रकबा 1.619 का टुकड़ा खसरा नंबर 870/1 रकबा 1.011 हेक्टेयर मे तत्कालीन तहसीलदार श्री हुमने के द्वारा तत्कालीन पटवारी को निर्देश कर दिया कि परिवर्तित भूमि का अधिकार पत्र बनावे किन्तु आज तक परिवर्तित भूमि जिस पर शांती बाई बेवा कार्तिक राम कलिहारी पिछले 40 वर्षों से लगातार खेती करती आ रही है जिस पर ग्रामवासियों को कोई आपत्ति नहीं है। उल्लेखनीय है कि शांति बाई कलिहारी द्वारा अपनी अर्जी लगातार राजस्व विभाग को समस्या समाधान शिविर, सुशासन त्योहार शिविर, जनदर्शन ,कलेक्टर न्यायालय मे आवेदन देते हुए थक चुकी है। उन्होंने शासन प्रशासन से मांग की है कि उसे परिवर्तित भूमि का अधिकार पर्ची बना कर दिया जाए ताकि उक्त जमीन पर कुवां खुदवाने बैंक से ऋण स्वीकृति करवा सके। उपरोक्त प्रकरण के विलंब होने पर शांति बाई कलिहारी द्वारा 22 अकटुबर को पूर्व प्रदत्त भूमि पर बने हाई स्कूल मे ताला लगाने का निर्णय लिया गया है।

तीन दिन से लापता अधेड़ का शव खेत में मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवा

क्षेत्र के मुड़पार गांव निवासी गोपाल साहू का शव खेत में नीम के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिलने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुड़पार निवासी गोपाल साहू पिता श्याम लाल साहू उम्र 55 वर्ष पिछले तीन दिनों से घर से लापता थे। परिजनों द्वारा उनकी तलाश की जा रही थी। इसी बीच सरसीवा नहर के पास स्थित उनके स्वयं के खेत में नीम के पेड़ पर उनका शव फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। प्रारंभिक जानकारी में घरेलू लड़ाई-झगड़े को घटना की संभावित वजह बताया जा रहा



है। हालांकि घटना के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही होसके गी। घटना की सूचना मिलने पर सरसीवा पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया। पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए बिलाईगढ़ भेज कर पोस्टमार्टम कराया और पोस्टर्मोटम के बाद शव को परिजनों को सौंपा। पोस्टर्मोटम रिपोर्ट और पुलिस ▶▶|शेष पेज 10 पर

गुरु गद्दी पूजा उत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

ग्राम जुनवानी भ में गुरु गद्दी पूजा का आयोजन बड़े ही धूमधाम, उत्साह और भक्तिमय माहौल में किया गया। बाबा गुरु घासीदास जी की महिमा के गुणगान के बीच आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। चारों ओर भक्ति और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। गुरु गद्दी पूजा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और बाबा गुरु घासीदास जी के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की। पूजा-अर्चना एवं महिमा के गुणगान से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं में कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। ग्राम



जुनवानी भ में आयोजित गुरु गद्दी पूजा ने धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता और भाईचारे की भावना को भी मजबूत किया। आयोजन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने बाबा गुरु घासीदास जी के प्रति लोगों की गहरी श्रद्धा और विश्वास को प्रदर्शित किया। गांव में आयोजित इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। गुरु गद्दी पूजा श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनकर सामने आई।

बीच-बचाव करने पहुंचे युवक की नाक, कान और उंगली दांत से काटी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्राम कोसमंदी में मंदिर के पास आयोजित कार्यक्रम के दौरान दो लोगों के बीच हो रहे विवाद को शांत कराने पहुंचे युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बीच-बचाव करने से नाराज एक युवक ने उसके साथ मारपीट की और दांत से नाक का अगला हिस्सा, कान, गाल तथा हाथ की उंगली काटकर गंभीर चोटें पहुंचाईं। मामले में पलारी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम कोसमंदी निवासी भुनेश्वर वर्मा (35) ने 21 अक्टूबर को

- कोसमंदी में मंदिर के पास कार्यक्रम के दौरान हुई घटना



थाना पलारी में रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि 20 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे गांव में मंदिर के पास कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान गांव के दो लोगों के बीच विवाद और मारपीट होने लगी। विवाद शांत कराने के उद्देश्य से भुनेश्वर वर्मा बीच-बचाव ▶▶|शेष पेज 10 पर

गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्रमांक 427/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 351(3), 115(2) एवं 117(3) में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर नक्शा तैयार किया तथा प्रार्थी और गवाहों के बयान दर्ज किए। पुलिस के अनुसार, मेडिकल परीक्षण रिपोर्ट में चोटें गंभीर प्रकृति की पाई गईं। पुलिस ने मामले में ग्राम कोसमंदी निवासी डिगेश्वर साहू, पिता बिरेन्द्र साहू (22), को 21 अक्टूबर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है। उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। मामले में आगे की विवेचना जारी है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और हिंसक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। पलारी पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की।

दुर्गाबाड़ा में पुतला दहन न होने से रही मायूसी

तिल्दा-नेवरा में 30 फीट ऊंचे रावण का दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व तिल्दा-नेवरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तिल्दा के रावण मैदान में आयोजित दशहरा उत्सव में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। यहां लगभग 30 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान पूरा मैदान रोशनी से जगमगा उठा और आतिशबाजी से आसमान रंगीन हो गया। दशहरा उत्सव को लेकर रावण मैदान में जोरदार तैयारियां की गई थीं। शाम को घुलघुल रामलीला मंडली ने रामलीला का मंचन किया । इसके बाद भगवान श्रीराम ने रावण के पुतले का दहन किया। रावण दहन के साथ ही मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। इसके बाद जमकर आतिशबाजी की गई। कार्यक्रम में प्रदेश के मंत्री टंकराम



वर्मा विशेष रूप से शामिल हुए।इस अवसर पर नगरकी प्रथम नागरिक चन्द्रकला वर्मा,पूर्व पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल, रामपंजवानी, लख्मीचंद नागवानी, भाजपा नेता घनशयाम अग्रवाल, भाजपा नेता दीपक शर्मा, ब्राम्हण समाज के प्रमुख सत्य प्रकाश, पार्षद बबन गोबिंद लालवानी सहित पार्षद उपस्थित थे।

दशहरा पर्व हमें सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है

इस अवसर पर मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि दशहरा पर्व हमें सत्य, धर्म और अच्छाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और छत्तीसगढ़ की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से काम कर रही हैं।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार क्षेत्र के विकास और आम जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखने और बुराइयों का त्याग कर समाज एवं प्रदेश की प्रगति में योगदान देने की अपील की। शहर में दशहरा उत्सव के बीच दुर्गाबाड़ा में रावण दहन नहीं होने से लोगों में मायूसी देखने को मिली। वहीं, तिल्दा बस्ती सहित आसपास के कई गांवों में बुधवार को दशहरा पर्व मनाने के साथ राण दहन किया गया।

ग्राम भरूवाडीह में मनाया गया दशहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधपुरी

सत्य पर असत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का पावन पर्व दशहरा ग्राम भरूवाडीह में पारंपरिक श्रद्धा, हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। विजया दशमी के इस पावन अवसर पर गांव के मुख्य महामाया चौक में भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में ग्रामीण जन सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री राम, लक्ष्मण और माता सीता की विशेष पूजा-अर्चना और आरती के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रभु श्री राम के जीवन और रावण वध पर आधारित संक्षिप्त एवं आकर्षक झांकी व रामलीला का मंचन किया गया, जिसने उपस्थित



जनसमूह का मन मोह लिया। जैसे ही मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का किरदार निभा रहे कलाकार ने रावण के पुतले पर तीर चलाया, पूरा मैदान जय श्री राम के गगन भेदी उद्घोष से गूंज उठा। इसके साथ ही गगनचुंबी रावण के पुतले का दहन हुआ और आकर्षक आतिशबाजी ने आसमान को सतरंगी रोशनी से सराबोर कर दिया। लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर और 'समी पत्र' सोना पत्ती बांटकर दशहरा पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दीं। उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी ग्राम वासियों, और लीला मंडली के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दशहरा हमें सिखाता है कि बुराई चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हो, अंत में जीत हमेशा सच्चाई और अच्छाई की ही होती है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम के दशहरा उत्सव समिति के पदाधिकारी, प्रबुद्ध नागरिक और भारी संख्या में माताएं-बहनें व बच्चे उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

महासमुंद। ग्राम जोबा में एक युवक के साथ पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध तुमगांव थाने में अपराध दर्ज किया गया है। जोबा का लक्ष्मीनारायण राजपूत 20 अक्टूबर को अपने दोस्त मुकेश गायकवाड, हर्ष सोनवानी, केशव ध्रुव के साथ दो मोटर सायकलों पर रायपुर जा रहे थे। शाम 6 से 6.30 बजे के मध्य उसकी मोटर सायकल पंचर हो गई।

हथियार लेकर लोगों को डरा रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

महासमुंद। धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने वाले आरोपी के विरूद्ध बागबाहरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। बागबाहरा पुलिस को अनवरपुर के रोहित निषाद ने बताया कि 21 अक्टूबर को वह गांव में रावण दहन कर वापस घर जा रहा था, तभी गांव के गौरा चौरा के पास शैलेंद्र ध्रुव पिता देव सिंह ध्रुव नशे की हालत में अपने हाथ में धारदार लोहे का हथियार लेकर रास्ते में आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था। जिसे प्रार्थी के साथ चमन पटेल, उमेश साहू ने पकड़ा और उसका हथियार छीन कर डॉयल 112 में सूचना दी। इसके बाद उक्त वाहन के कर्मचारी ने मौके पर पहुंचे और आरोपी को थाने लेकर गए।

पेज 09 के शेष...

कृषि दुकानों की जांच ...
के बाद ही हो सकेगी। **बीएनएस की सात धाराओं में मामला दर्ज :** शिकायत के आधार पर दर्ज एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता बीएनएस, 2023 की धारा 308(2), 316(5), 318(4), 336(2), 338, 340 (2) और 61(2) का उल्लेख किया गया है। मामला कथित धोखाधड़ी, विश्वासघात और दस्तावेजों से संबंधित आरोपों से जुड़ा है। पुलिस इन आरोपों और उपलब्ध दस्तावेजों की जांच कर रही है। **FIR** में धाराएं दर्ज होना आरोपों का अंतिम न्यायिक निष्कर्ष नहीं है।

तीन दिन से लापता ...
जांच के बाद ही घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। तीन दिनों से लापता व्यक्ति का इस तरह शव मिलने से परिजनों और परिचितों में शोक व्याप्त है। पुलिस द्वारा घटना के संबंध में आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है।

बीच-बचाव करने ...
करने पहुंचा। आरोप है कि इससे नाराज होकर डिगेश्वर साहू (22) ने उसे अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की। इसके बाद आरोपी ने दांत से उसकी नाक का अगला हिस्सा काटकर अलग कर दिया। साथ ही कान, गाल और हाथ की उंगली को भी काट लिया। घटना में प्रार्थी को गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने घटना को देखा और सुना।

संत ग्रंथ गुरु गद ...
301 रुपये नगद, नारियल एवं फल भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक अनुष्ठान में राकेश चतुर्वेदी (पार्षद प्रतिनिधि), संतोष घृतलहरे (पार्षद, लवन), अध्यक्ष हिरामन महिलांगे, उपाध्यक्ष तिहारु खुटे, सचिव श्रीकांत साय, कोषाध्यक्ष मनोहर बांधे सहित संजय बंदे, राजू धरम, मनहरण, धनराज, हिरावान, बब्लू टिकेश्वर, रामकुमार, संतोष, राहुल, सुदर्शन, फागुलाल, दिलीप, सोनसाय, महेश कुर्रे, शिवकुमार साय, जगदीश, भागीरथी टंडन, अनिल, राकेश, अयोध्या, शिवचरण और समस्त सतनामी समाज के गणमान्य नागरिक व श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

राहत : एक माह से अंधेरे में डूबे गांव में बहाल हुई बिजली आपूर्ति

एक माह से अंधेरे में डूबे ग्राम बार में जगी रोशनी की उम्मीद, क्रेडा ने शुरू की वैकल्पिक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

ग्राम बार में 25 किलोवाट क्षमता वाले सोलर पावर प्लांट में आई खराबी और एक माह से अंधेरे में रात गुजार रहे ग्रामीणों की समस्या को हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद आखिरकार क्रेडा विभाग की नींद खुली है। समाचार प्रकाशन के बाद अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेते हुए बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था शुरू कर दी है। बुधवार को गांव में 10 किलोवाट और 8 किलोवाट क्षमता के दो इनवर्टर की मदद से विद्युत आपूर्ति बहाल करने की दिशा में काम होता दिखाई दिया। लंबे समय से समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को अब राहत मिलने की उम्मीद जगी है। गौरतलब है कि अभ्यारण्य क्षेत्र में स्थित ग्राम बार का सोलर पावर प्लांट खराब होने के कारण गांव में अंधेरा पसरा हुआ था। जिम्मेदार अधिकारियों से बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद सुधार कार्य नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही थी। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि उनकी समस्या जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंचेगी और गांव में फिर से रोशनी लौटेगी। हरिभूमि ने इस गंभीर समस्या को प्रमुखता से उठाया, जिसके बाद विभाग ने त्वरित संज्ञान लिया और वैकल्पिक व्यवस्था के लिए मैदानी स्तर पर काम शुरू किया।



एक माह से अंधेरे में ग्रामीण, गलियों से गुजर रहे दंतैल हाथी

बार में 1 माह से सोलर पावर प्लांट ठप ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर

हादसे की आशंका के बीच जिम्मेदारों की चुप्पी, अंधेरे में गुजर रहे दंतैल हाथी, ग्रामीणों की सुरक्षा पर सवाल

अधिकारी को लेगा संदेश, अब सुधार का इंतजार

65 घरों के 100 परिवार और 15 स्ट्रीट लाइटें प्रभावित

खबर प्रकाशित होते ही हरकत में आया विभाग

सोलर प्लांट में खराबी की जानकारी सामने आने के बाद भी करीब एक माह तक सुधार नहीं हो पाया था। ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर थे और गांव की स्ट्रीट लाइटें भी प्रभावित थीं। हरिभूमि में समाचार प्रकाशित होने के बाद क्रेडा विभाग ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत दो इनवर्टर उपलब्ध कराकर आपूर्ति बहाल करने की पहल की। जानकारी के अनुसार, सुधार कार्य के लिए पहुंचे मैकेनिक के भोजन तथा कार्य में सहयोग करने वाले स्थानीय लोगों के भुगतान की व्यवस्था पंचायत के माध्यम से की जाएगी।

खबर का असर

वर्ष 2016-17 में हुई थी सोलर प्लांट की स्थापना

बताया जाता है कि ग्राम बार में 25 किलोवाट क्षमता के सोलर पावर प्लांट की स्थापना वर्ष 2016-17 में भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से डीडीजी योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा ग्राम विद्युतीकरण परियोजना के तहत की गई थी। इस संयंत्र के माध्यम से 65 घरों में रहने वाले करीब 100 परिवारों तथा 15 स्ट्रीट लाइटों को विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया था। परियोजना का क्रियान्वयन क्रेडा के कार्यपालन अभियंता द्वारा किया गया था। इतनी महत्वपूर्ण योजना के तहत स्थापित संयंत्र का लंबे समय तक खराब रहना और समय पर सुधार नहीं होना विभागीय रखरखाव व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।



जर्जर पोल और केबल बदलने के लिए उच्च कार्यालय को पत्र

इस संबंध में बलौदाबाजार क्रेडा अधिकारी अनिल बिंझवार से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया था। फोन रिसीव नहीं होने पर उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से समस्या से अवगत कराया गया। इसके बाद विभाग ने मामले का संज्ञान लेते हुए वैकल्पिक व्यवस्था पर काम शुरू किया। क्रेडा अधिकारी अनिल बिंझवार के अनुसार, 25 किलोवाट क्षमता वाले सोलर पावर प्लांट पर निर्धारित क्षमता से अधिक लोड जोड़ दिए जाने के कारण इनवर्टर का ट्रांसफार्मर जल गया है। संयंत्र में स्थायी सुधार होने तक वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। उन्होंने ग्रामीणों से फिलहाल बिजली का उपयोग कम लोड के साथ करने की अपील की है। अधिकारी ने यह भी बताया कि जर्जर बिजली के खंभों को बदलने और कुछ स्थानों पर नए केबल की आवश्यकता पूरी करने के लिए उच्च कार्यालय को पत्राचार किया गया है। मांग स्वीकृत होने के बाद इन कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने की बात कही गई है। फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था शुरू होने से ग्रामीणों को राहत की उम्मीद है, लेकिन स्थायी समाधान के लिए खराब सोलर प्लांट की मरम्मत, जर्जर पोल और केबल बदलना जरूरी है। अब देखना होगा कि विभाग अस्थायी व्यवस्था से आगे बढ़कर गांव में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कितनी जल्दी ठोस कदम उठाता है।

पीएससी अध्यक्ष का पद एक माह से खाली, कांग्रेस ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने ग्राम तुलसी बाराडेरा में दशहरा उत्सव के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर जनजागरण अभियान चलाया और ग्रामीणों को जागरूकता पर्चे बांटे। इस दौरान ग्रामीणों को संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत मताधिकार तथा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और नाम कटने की स्थिति में दावा-आपत्ति करने की जानकारी दी गई। कांग्रेस ने मतदाता सूची पुनरीक्षण में विभिन्न वर्गों के मतदाताओं के नाम प्रभावित होने की आशंका जताते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया की मांग की।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) के अध्यक्ष का पद करीब एक माह से खाली होने और पीएससी-2025 की मुख्य परीक्षा के बाद साक्षात्कार स्थगित किए जाने को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने राज्य सरकार और आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा, पीएससी-2025 की सिविल सेवा परीक्षा में 265 पदों के विरुद्ध नियमानुसार 1:3 के अनुपात में 795 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए चयनित किया जाना चाहिए था, लेकिन आयोग ने केवल 608 अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार के लिए योग्य माना। इस तरह निर्धारित संख्या से 187 अभ्यर्थी कम रह गए। कांग्रेस ने इसे चयन प्रक्रिया और मूल्यांकन की पारदर्शिता से जुड़ा गंभीर सवाल बताते हुए आयोग से स्पष्टीकरण मांगा है।

'वोट चोरों के खिलाफ जनजागरण' अभियान



187 अभ्यर्थियों को लेकर आयोग से जवाब मांगा

शुक्ला के अनुसार, आयोग ने न्यूनतम अंकों का हवाला देते हुए इन अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए अयोग्य बताया है। ऐसे में सवाल उठता है कि मुख्य परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में कितनी पारदर्शिता बरती गई और अभ्यर्थियों को दिए गए अंकों की निष्पक्षता कैसे सुनिश्चित की गई। उन्होंने मांग की है कि मुख्य परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं साक्षात्कार से पहले अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वे अपने मूल्यांकन और प्राप्त अंकों का स्वयं परीक्षण कर सकें।

शहीद आरक्षक हीरालाल गायकवाड़ को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार को बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिस जवानों के बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर पुलिस चौकी करहीबाजार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीद आरक्षक हीरालाल गायकवाड़ को श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस टीम उनके पैतृक ग्राम लच्छनपुर पहुंची, जहां शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया गया। लच्छनपुर में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों के साथ शहीद के परिजन, बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने शहीद स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नम आंखों से वीर सपूत को याद किया। इस दौरान राष्ट्र की रक्षा, आंतरिक सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस जवानों की भूमिका तथा उनके त्याग को स्मरण किया गया।



कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देते हैं शहीदों के बलिदान

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि देश और समाज की सुरक्षा के लिए पुलिस जवान कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। कई बार राष्ट्र और नागरिकों की रक्षा करते हुए उन्हें अपने प्राणों तक का बलिदान देना पड़ता है। ऐसे वीर जवानों का त्याग सदैव स्मरणीय रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को ईमानदारी, साहस तथा कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता रहेगा। पुलिस स्मृति दिवस उन पुलिसकर्मियों और सुरक्षा बलों के जवानों के सम्मान में मनाया जाता है, जिन्होंने कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राण न्योछावर किए। इस अवसर पर बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस परिवार ने शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की तथा उनके सम्मान और कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई।

प्रदेश से बूथ स्तर तक हुआ था संगठन भंग

छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का गठन अभी तक नहीं हो सका है। हालांकि, संगठन में बदलाव की प्रक्रिया मई में ही शुरू हो गई थी। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस ने प्रदेश से लेकर जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर तक की पुरानी कार्यकारिणियों को भंग कर नए सिरे से संगठन खड़ा करने का फैसला लिया था। छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन के तहत संजारी बालोद की कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा को मई में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। उन्हें स्थायी प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति तक संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके बाद पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नए सिरे से संगठनात्मक ढांचा तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हुई। महिला कांग्रेस द्वारा सभी जिलों में कार्यकारिणी गठन को लेकर बैठक की जानी थी, वह पूरी नहीं हो पायी। बताया जाता है कि आने वाले समय में जल्द जिलों की बैठक कर प्रक्रिया को पूरा कर नई कार्यकारिणी बनाई जाएगी। महंगाई, महिलाओं की सुरक्षा, महिला अधिकार और सरकार के खिलाफ आंदोलनों में संगठन की भूमिका को लेकर भी नई कार्यकारिणी महत्वपूर्ण होगी।



वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस का देशव्यापी आंदोलन का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार तथा निर्वाचन आयोग पर हमला तेज कर दिया है।

- बैज ने प्रधानमंत्री और मुख्य चुनाव आयुक्त का इस्तीफा मांगा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर एसआईआर के नाम पर देश में 13 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर मामला बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस्तीफे और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग की।

उन्होंने कहा, कांग्रेस मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन चला रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के राजनीतिक हितों को साधने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने निष्पक्षता के अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं किया। उन्होंने एसआईआर की प्रक्रिया तत्काल रोकने, मतदाता सूची से हटाए गए मतदाताओं के नामों की समीक्षा कर पात्र मतदाताओं के नाम बहाल करने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उन्होंने मांग की कि इन मामलों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि किसी स्तर पर अनियमितता प्रमाणित होती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। कांग्रेस इस मुद्दे पर अपनी लड़ाई जारी रखेगी।

कांग्रेस की मांग

दीपक बैज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे अथवा पद से हटाने की मांग के साथ एसआईआर प्रक्रिया रोकने, हटाए गए मतदाताओं के नामों की समीक्षा और पात्र मतदाताओं के नाम बहाल करने की मांग उठाई। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच तथा अनियमितता प्रमाणित होने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की। कांग्रेस का कहना है कि मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है।



परसदा में पुलिस स्मृति दिवस पर हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम

शहीद जवानों को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कर्तव्य की राह पर सर्वस्व न्योछावर करने वाले देश के वीर जवानों के सम्मान में परसदा स्थित पुलिस लाइन के शहीद स्मारक स्थल पर 67वां राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस अत्यंत गरिमापूर्ण माहौल में मनाया गया। यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि खाकी के उस शौर्य, सर्वोच्च त्याग और अटूट देशभक्ति का प्रतीक है, जिसकी कहानी आज भी हर नागरिक के दिलों में जीवंत है।

शोकसभा के दौरान महासमुंद पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने संवेदनशील और गौरवमयी माहौल में देश की विभिन्न सुरक्षा इकाइयों के उन 154 शहीद जवानों के नामों का वाचन किया, जिन्होंने बीते एक वर्ष (1 सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 तक) में देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए अपनी जान कुर्बान की। इस अवसर पर जिले के उन 19 वीर शहीद पुलिस जवानों को भी विशेष रूप से याद कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति दी। नाम वाचन के पश्चात उपस्थित जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस महकमे ने शहीद स्मारक पर पुष्प-गुच्छ अर्पित कर अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

ज्ञातव्य हो कि पुलिस व अर्द्ध सैनिक बलों से जुड़े तमाम जवान इस दिन को पुलिस शहीदी दिवस के रूप में भी जानते और याद करते हैं। इस वर्ष पूरे देश में आज 67वां पुलिस स्मृति दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन देशभर के पुलिस बल चाहे वह राज्य पुलिस हो, केंद्रीय सुरक्षा बल या फिर अर्ध सैनिक बल, सभी एक साथ मिलकर इस दिन को खास नजर से देखते हैं। पुलिस स्मृति दिवस को मनाने के पीछे शोक, समर्पण त्याग, बहादुरी की मिसाल कि वह कहानी छिपी है, जो आज भी धूमिल नहीं पड़ी है।





स्थानीय परसदा पुलिस लाइन में बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया, इस दौरान जिले से 19 पुलिस जवान शहीद हुए हैं, जिन्हें पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर याद का श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित जिले के 19 शहीद पुलिस जवानों के परिवार के सदस्यों से चातुरीनंद विधायक सरायपाली, योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुंद, भीखम सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत, विनय कुमार लंगेह कलेक्टर, प्रभात कुमार पुलिस अधीक्षक व मनीषा ठाकुर रावटे सेनानी 20वीं वाहिनी छ.स.बल ने मुलाकात कर हाल-चाल व बच्चों की शिक्षा एवम स्वस्थ के संबंध में जानकारी ली गयी।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ अनुपमा आनंद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक, सहायक सेनानी दिनेश्वरीनंद, एसडीएम अक्षा गुप्ता, एसडीओपी (पिथौरा) अजीत ओगरे, एसडीओपी (सरायपाली) चंद्रशेखर परमा, रक्षित निरीक्षक दीप्ति कश्यप, निरीक्षक महेश साहू, निरीक्षक आकाश मसीह सहित जिले के अनेक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी विशेष रूप से मौजूद रहे, जिन्होंने देश के रक्षकों की शहादत को नमन किया।

च्वाइस सेंटर संचालकों के बैंक खातों में जमा कराई साइबर फ्रॉड की राशि

महासमुंद। साइबर फ्रॉड की रकम को च्वाइस सेंटर संचालकों के खाते में जमा कराने के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। रायपुर रोड एचडीएफसी बैंक के पास पूनम च्वाइस सेंटर के संचालक मोहनलाल देवांगन पिता प्रेमशंकर देवांगन (42 वर्ष) ने पुलिस को बताया कि 15.09.2026 को दोपहर करीबन 03 से 03:30 बजे के मध्य ब्लू कलर के एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एमएच 4061 में सवार एक व्यक्ति उसके सेंटर में आया और कहा आपके क्यूआर कोड में पैसा डलवाउंगा, जिसके बदले में कैश अमाउंट दे देना। इसके बाद उक्त व्यक्ति ने क्यूआर कोड का फोटो अपने मोबाइल में लेकर किसी अन्य व्यक्ति को दिया, उसके बाद उक्त व्यक्ति के द्वारा मेरे खाते में कुल 11,700 रू व 30,000 रू कुल 41700 रुपए ट्रांसफर किए और नगद रकम लेकर चला गया। दूसरे दिन 16.09.2026 को च्वाइस सेंटर संचालक के बैंक खाता में होल्ड लग गया, जब उसने बैंक जाकर पता किया तो जानकारी हुई कि उसके दोनों बैंक अकाउंट में पेनकार्ड नंबर लिंक होने से दोनों खातों को होल्ड लग गया है। उसके कुछ दिन बाद प्रार्थी को पता चला कि महासमुंद जिले के बिरकोनी निवासी त्रिलोक कुमार दीवान, तुमगांव निवासी रामसिंग सेवई, खैरझिटी निवासी चेतन कुमार गायकवाड के साथ भी उसी व्यक्ति के द्वारा धोखाधड़ी किया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य लोगों के साथ भी इसी प्रकार से धोखाधडी कर नगदी रकम लेकर सायबर फ्रॉड की रकम को च्वाइस सेंटरों के बैंक खातों में ट्रांसफर कराया गया, जिससे उनका भी बैंक अकाउंट होल्ड हो गया है। मामले की रिपोर्ट पर उक्त अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 317(4), 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इसी प्रकार दूसरे मामले में त्रिलोक कुमार दीवान पिता रिखीराम दीवान (36 वर्ष) ग्राम बिरकोनी ने पुलिस को बताया कि वह बिरकोनी छत्तीसगढ़ कपड़ा के बाजू में दीवान डिजिटल सेवा केंद्र का संचालक है। 29.09.2026 की दोपहर करीबन 01:43 बजे ब्लू कलर के एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एमएच 4061 में सवार एक व्यक्ति मेरे सेंटर में आया और कहा कि अपने मालिक से पैसा मंगवा रहा हूं, मेरे खाते में लोन का पैसा कट जाएगा, इसलिए मैं अपने खाते में नहीं डलवा रहा हूं कहकर च्वाइस सेंटर के क्यूआर कोड का फोटो अपने मोबाइल में खींचकर किसी दूसरे व्यक्ति को भेजा। लेकिन उसमें पैसा ट्रांसफर नहीं होन पर मोबाइल नंबर मांगा और उसे अन्य व्यक्ति को भेजा। कुछ समय बाद उक्त व्यक्ति के द्वारा 16,000 रुपए भेजा गया। इसके बाद वह व्यक्ति प्रार्थी से नगद रकम लेकर चला गया। दूसरे दिन 30.09.2026 को उसके आईडीएफएसी फर्स्ट बैंक व एसबीआई खातों में होल्ड लग गया। बैंक जाकर पूछताछ करने पर पता चला कि उसके खाता में फ्रॉड की रकम आने से खाता होल्ड कर दिया गया है। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 317(4), 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

खबर संक्षेप

निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन 12 को

महासमुंद। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के संदर्भ में पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण 02 नवंबर 2026 तक किया जाना है तथा निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन 12 नवंबर 2026 को किया जाकर इसी तिथि से आगामी 11 दिसंबर 2026 तक दावा आपत्ति प्राप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही 28 दिसंबर 2026 तक दावा आपत्ति के निराकरण पश्चात 04 जनवरी 2027 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सभी तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उक्त कार्यक्रम का स्वीप गतिविधियों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए हैं।

कोसरिया यादव समाज की बैठक 25 को

धमतरी। छत्तीसगढ़ जिला कोसरिया यादव समाज धमतरी की पूर्व स्थगित बैठक 25 अक्टूबर को सत्संग भवन गोकुलपुर में दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिला अध्यक्ष जोहनसिंह यादव एवं जिला सचिव रामेश्वर यादव ने बताया कि बैठक में समाज को आर्थिक रूप से सशक्त एवं संगठित बनाने, वित्तीय वर्ष 2026-27 की राशि जिला कोषालय में जमा करने तथा जिला स्तरीय गीता जयंती और युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित करने पर चर्चा होगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव तथा जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा से भेंट-मुलाकात के विषय पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

भलेसर में मारपीट, दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज

महासमुंद। बाइक ओवरटेक करने की बात पर शुरू हुए विवाद के चलते मारपीट की घटना में दो आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को नयापार महासमुंद निवासी चंद्रमणि यादव ने बताया कि 19 अक्टूबर को वह अपने फूफा कुलेश्वर तांडेकर के घर ग्राम भलेसर जा रहा था। सितली नाला के आगे पहुंचने पर टोकेश ध्रुव और सतीश हलवाई ने ओवर टेक करता है कहकर रोका और गाली गलौज कर वहां से चले गए। इस बात की जानकारी उसने अपने फूफा कुलेश्वर तांडेकर को दी, जिस पर रात्रि करीब 09.30 बजे दुर्गा चौक के आगे नयापारा भलेसर में उसके फूफा उन लोगों को समझाने के लिए गए। इस दौरान आरोपी टोकेश ध्रुव और सतीश हलवाई मारपीट करने लगे। जब प्रार्थी ने बीच बचाव किया, तब दोनों ने उसके साथ भी गाली गलौज कर रॉड और डंडे से मारपीट की, साथ ही जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

मांदर की थाप और जसगीतों के साथ निकली विसर्जन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

नौ दिनों तक आदिशक्ति जगत जननी मां दुर्गा की आराधना पूजा पाठ और जसगीतों से गूंजायमान रहने वाले भाटापारा विकासखंड के ग्राम टोनाटार 20 अक्टूबर को भक्तिमय माहौल में माता रानी की विदाई का साक्षी बना। शारदीय नवरात्रि के समापन पर आदिशक्ति मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विधिविधान से पूजा अर्चना करने के बाद गांव के प्रसिद्ध पूरेनिहा तालाब में विसर्जन किया गया। इस दौरान मांदर की थाप पर नाचते गाते श्रद्धालु विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। जसगीतों और माता रानी के जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय हो उठा। 9 दिनों तक आदिशक्ति मां दुर्गा की सेवा और आराधना में लीन रहे श्रद्धालु ने नम आंखों से माता रानी को विदाई देते हुए अगले बरस की आने की कामना की गई। ग्राम टोनाटार में हर वर्ष की भर्ती इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि के अवसर पर सात अलग-अलग स्थानो पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई थी। जिसमें गांव के डिपरा पारा बजरंग चौक गुड़ी चौक गौटिया पारा शासकीय उचित मूल्य के पास नरवा पारा एवं रामसागर पारा शामिल है। वही महामाया मंदिर में ज्योति कलश स्थापना किया गया था।



भवानीपुर में मांदर की थाप और जसगीत के बीच मां दुर्गा की प्रतिमा का विर्सजन

भवानीपुर। आस्था, श्रद्धा और भक्ति के नौ दिवसीय पर्व नवरात्रि का समापन मंगलवार को भवानीपुर में भावुक माहौल के बीच हुआ। नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद भक्तों ने मां दुर्गा को भावभीनी विदाई दी। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया। मांदर की थाप, गूंजते जसगीत और माता के जयकारों के बीच ज्योत-जवारा यात्रा निकाली गई। पारंपरिक भक्ति गीतों की गूंज से गांव का माहौल आध्यात्मिक रंग में रंग गया। माता के दर्शन और विदाई में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण जुटे। श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव के साथ मां दुर्गा को विदाई देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। नौ दिनों तक चले पूजा-अर्चना के इस पावन आयोजन के समापन पर श्रद्धालुओं के बीच भक्ति के साथ भावुकता भी देखने को मिली। मां दुर्गा की विदाई के साथ ही नवरात्रि पर्व संपन्न हुआ, लेकिन भक्तों के मन में माता के प्रति श्रद्धा और अगले वर्ष फिर आगमन की प्रतीक्षा बनी रही।

टोनाटार में नम आंखों से हुई मां दुर्गा की विदाई पूरेनिहा तालाब में हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन

निकली विसर्जन यात्रा

20 अक्टूबर को सुबह से ही गांव में मां जगत जननी की विसर्जन के लिए चहल पहल शुरू हो गई थी। दोपहर में जसगीतो के साथ मांदर की थाप पर नाचते गाते झूमते हुए सभी प्रतिमाए महामाया मंदिर के पास एकत्र हुए। सभी प्रतिमाओं को अलग-अलग ट्रैक्टरों में रख कर सजाया गया था जो देखते ही बन रहा था। मां दुर्गा की प्रतिमाओं के पीछे-पीछे बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष जसगीत गाते हुए विसर्जन स्थल गांव के प्रसिद्ध पूरेनिहा तालाब पहुंचे। जहां समस्त ग्रामवासियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों के बीच जगत जननी मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान सरपंच विष्णु कोसले, उपसरपंच कुलेश्वर, पिंकू वर्मा, रामकुमार जायसवाल, शैलेंद्र जायसवाल, पूर्व उपसरपंच गेंदराम वर्मा, राजेंद्र रजक, पूनम रजक, रूपनारायण रजक, जितेंद्र रजक, पत्रकार कमलेश रजक, ईश्वर रजक, अक्षय रजक, मेघू रजक, टोके ध्रुव, मेघनाथ ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



जसगीतों और जयकारों के बीच मां दुर्गा को दी गई विदाई



खरोरा। शक्ति की राधना, छत्तीसगढ़ी लोकपरंपरा और अटूट आस्था के साथ मनाए गए शारदीय नवरात्रि पर्व का मंगलवार को विजयादशमी के अवसर पर समापन हुआ। मां दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ नगर में नौ दिनों से बना भक्तिमय माहौल भावुक विदाई के क्षणों में बदल गया। माहौल सुबह से ही विभिन्न दुर्गा पंडालों से मूर्तियों की विसर्जन यात्राएं निकाली गई। जसगीतों की मधुर धुन, बाजे गाजे और मां के जयकारों से नगर के प्रमुख मार्ग गुंजायमान रहे। नौ दिनों तक माता की आराधना में लीन श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी और परिवार सहित पूरे क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगल की कामना की। विजयादशमी के अवसर पर खरोरा में सुबह से ही धार्मिक उत्साह देखने को मिला। विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों के सदस्य और श्रद्धालु पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ माता की प्रतिमाओं को विदाई देने चिकले। जसगीतों की धुन पर झूमते भक्तों और गूंजते जयकारों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। नगर के चौक चौराहों से होकर गुजरी विसर्जन यात्राओं में श्रद्धा और उल्लास का अनूठा संगम दिखाई दिया। विसर्जन यात्रा के दौरान सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के अंतिम दर्शन के लिए जुटे। मां दुर्गा का वंदन किया और पूजा-अर्चना कर सुख, शांति, समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की। तालाब पहुंचकर मूर्तियों का विसर्जन किया गया। गुजराती समाज के गरबा आयोजन ने भी नवरात्रि की रौनक बढ़ाई। पारंपरिक वेशभूषा, लोकसंस्कृति और भक्ति से सराबोर इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उत्साहपूर्वक विजयादशमी पर मां दुर्गा की मूर्तियों की विदाई के साथ ही खरोरा में नौ दिनों से जारी उत्सवी माहौल का समापन हो गया।

नगर भटगांव में माता रानी को दी गई विदाई



भटगांव। नगर भटगांव के रंग मंदिर में आज बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल में माता रानी के विसर्जन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। नौ दिनों तक माता की सेवा-पूजा करने के बाद आज नम आंखों से भक्तों ने माता रानी को विदाई दी और अगले बरस फिर से आने की कामना की। विसर्जन समारोह को यादगार बनाने के लिए विशेष रूप से टाटा, बिलासपुर से स्पेशल बाना ग्रुप को आमंत्रित किया गया था। इस ग्रुप ने अपने आकर्षक बाना नृत्य और डीजे की धुन पर ऐसा समां बांधा कि पूरा नगर भक्तिमय हो गया। विसर्जन से पहले रंग मंदिर में विधि-विधान से माता रानी की अंतिम आरती और पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों के साथ माता रानी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में आगे-आगे बाना ग्रुप के कलाकार अपने पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करते चल रहे थे, जिन्हें देखने के लिए सड़कों के किनारे लोगों की भारी भीड़ लगी थी।

बाना ग्रुप द्वारा प्रस्तुत शिव तांडव, बजरंग बली और देवी रूपों के नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी इस अद्भुत प्रस्तुति को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। पूरे नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा विसर्जन स्थल पहुंची। बोल सांचे दरबार की जय और अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के बीच माता रानी का विसर्जन किया गया। इस दौरान कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। रंग मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी नवरात्रि उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। नौ दिनों तक मंदिर में जसगीत, भंडारा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था, जिसमें नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष, सदस्यगण सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे विसर्जन कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ।

माता रानी अगले बरस फिर आना के जयघोष के साथ दी गई विदाई



गिधपुरी। शारदीय नवरात्रि के समापन पर गिधपुरी अंचल सहित आसपास के गांवों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा और भक्तिमय माहौल में किया गया। नौ दिनों तक माता रानी की आराधना में लीन रहे श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को विदाई दी। विसर्जन के दौरान माता रानी के जयकारों और भक्ति गीतों से गांवों का वातावरण भक्तिमय बना रहा। गिधपुरी अंचल के भवानीपुर, सिसदेवरी, बम्हनी, चरौदा, मोहान, धौराभाटा, हरिनभट्ठा, लटेरा, रिवाडीह, मलपुरी और जुनवानी सहित विभिन्न गांवों में नवरात्रि पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह दुर्गा पंडालों में नौ दिनों तक पूजा-अर्चना, जसगीत और विभिन्न धार्मिक आयोजनों के माध्यम से भक्तों ने मां दुर्गा की आराधना की। विसर्जन के दिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने माता रानी से परिवार और गांव की सुख-समृद्धि, खुशहाली तथा शांति की कामना की। इसके बाद गाजे-बाजे और जयकारों के साथ प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया गया। विदाई की बेला में श्रद्धालु भावुक नजर आए। मां के दर्शन कर भक्तों ने अगले वर्ष फिर से आगमन की प्रार्थना की। नवरात्रि के नौ दिनों तक भक्ति और आस्था से सराबोर रहा अंचल विसर्जन के दौरान भावुक हो उठा। श्रद्धालुओं ने 'जय माता दी' और 'माता रानी अगले बरस फिर आना' के जयकारों के साथ मां दुर्गा को विदाई दी। इस अवसर पर लोगों ने आपसी सद्भाव और भाईचारे के साथ पर्व मनाते हुए माता रानी से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की।

वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस ने चलाया जनजागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



दशहरा उत्सव के अवसर पर बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से 'वोट चोरी' के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से आम नागरिकों को मताधिकार के महत्व, निष्पक्ष चुनाव और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। अभियान के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न मोर्चा संगठनों के सदस्यों ने आम नागरिकों के बीच पहुंचकर 'वोट चोरी' से संबंधित पार्टी के आरोपों और आशंकाओं को लेकर अपनी बात रखी। साथ ही लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक के मत की महत्ता और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सेन ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता का वोट है। प्रत्येक नागरिक का मत स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुरक्षित रहना चाहिए। मताधिकार केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए मताधिकार की रक्षा और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना आवश्यक है। प्रवीण सेन ने कहा कि दशहरा जैसे सार्वजनिक एवं जनभागीदारी वाले आयोजन के अवसर पर आम नागरिकों तक लोकतंत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषय पहुंचाना अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था और जनता के मताधिकार के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती और मताधिकार के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पार्टी की ओर से ऐसे जनजागरूकता अभियान आगे भी जारी रखे जाएंगे। इस अवसर पर जिला महामंत्री जितेन नवरत्न, लखेश साहू, शहर कोषाध्यक्ष गेवेंद्र साहू, शहर महामंत्री भेनू साहू, रोशन साहू, पोषण यादव, सूरज वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तिल्दा के जोगी कुआं सतनाम धाम में उमड़ी भीड़ 110 महिलाओं ने निकाली श्वेत वस्त्रों में शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

तिल्दा के बैकुंठ स्थित जोगी कुआं सतनाम धाम में विजयादशमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। पर्व के अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम ने आयोजन को यादगार बना दिया। ग्राम बहेसर से निकली शोभायात्रा में 110 महिलाओं ने श्वेत वस्त्र धारण कर हिस्सा लिया। डीजे की धुन पर उत्साहपूर्वक थिरकते श्रद्धालु पालो लेकर जोगी कुआं सतनाम धाम पहुंचे। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। पूरे मार्ग पर भक्ति और उल्लास का माहौल रहा।

■ सांस्कृतिक कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

विजयादशमी पर्व के अवसर पर जोगी कुआं सतनाम धाम के सांस्कृतिक मंच पर डॉ. राजेंद्र रंगीला की प्रस्तुति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। दर्शकों की भीड़ से पूरा मैदान खचाखच भरा रहा। आसपास के गांवों के साथ ही दूर-दराज के क्षेत्रों से सतनामी समाज के लोग भी मेले में शामिल हुए। लोगों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लेते हुए पर्व की खुशियां साझा कीं।



श्रद्धा के साथ दिखी सामाजिक एकजुटता

शोभायात्रा में महिलाओं की बड़ी भागीदारी और सांस्कृतिक कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ ने आयोजन की भव्यता को विशेष बना दिया। पूरे परिसर में सतनाम पंथ के प्रति आस्था और सामाजिक एकजुटता का वातावरण दिखाई दिया। जोगी कुआं सतनाम धाम में दिनभर श्रद्धालुओं की चहल-पहल बनी रही। कार्यक्रम में ग्राम बहेसर की सरपंच सविता सेवक बर्मन सहित साधेलाल डहरिया, बिसराम कुर्रे, लालाराम गेंडरे, शिवकुमार टंडन, चरण दास चेलक, कृष्णा राय, रोमदास बर्मन, रुवेल सोनवानी, देवेंद्र बघेल, रोहित आडील, कबीर चेलक, सुधीर चेलक, संजू चेलक, भगवती भारती, विनोद गायकवाड़, भगवान दास सोनवानी, रामकुमार लहरे, गंगाराम बंजारे, दिनेश बंजारे, गोविंद बर्मन, मनोज कुर्रे और ताराचंद बंजारे सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी एवं संचालन धर्मगुरु बालकदास सतनाम सेवा समिति के अध्यक्ष तथा भाजपा तिल्दा ग्रामीण के महामंत्री अधिवक्ता दिनेश गायकवाड़ ने किया। विजयादशमी का यह आयोजन श्रद्धा, सांस्कृतिक उल्लास और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बना।

स्वच्छता जागरूकता प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, कुकुरदी सीमेंट वर्क्स के सीएसआर विभाग एवं माइंस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के तीन विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 10, 13 एवं 14 अक्टूबर 2026 को क्रमशः मिडिल स्कूल कुकुरदी, मिडिल स्कूल ढनढनी और प्राथमिक शाला करमनडीह में आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अभियान के तहत विद्यार्थियों की रचनात्मक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मिडिल स्कूल कुकुरदी में निबंध लेखन, मिडिल स्कूल ढनढनी में स्लोगन लेखन तथा प्राथमिक शाला करमनडीह में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कुकुरदी में आयोजित कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि गोपाल साहू एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे। ढनढनी में प्रधान पाठक बालाराम ध्रुव तथा शिक्षकों ने सहभागिता की। वहीं, करमनडीह में प्रधान पाठक भागीरथी वर्मा सहित शिक्षकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

स्वस्थ समाज के निर्माण की मुख्य बुनियाद

कार्यक्रम में माइंस विभाग से हेमंत वर्मा एसएच-जियोलॉजी एवं आशुतोष शुक्ला सर्वेयर, अस्पताल विभाग से डॉ. आनंदिता बरुई तथा सीएसआर विभाग से राजेन्द्र कुशवाहा एसएच-सीएसआर एवं दया वर्मा ने सहभागिता की। अतिथियों ने विद्यार्थियों को स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक दायित्वों के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वस्थ समाज के निर्माण की बुनियाद है। स्वच्छ वातावरण से बीमारियों की रोकथाम के साथ ही जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार होता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अपने विद्यालय, घर और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया गया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ उनकी रचनात्मक सोच और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित किया गया।



खबर संक्षेप



व्यक्ति के भीतर यदि अहंकार आ जाए तो उसका पतन निश्चित : इन्द्र साव

भाटापारा। क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव ने रावणभाठा स्थित दशहरा मैदान के मुख्यमंच से नगर वासियों और क्षेत्रवासियो को विजयादशमी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि विजयादशमी का पर्व हमें याद दिलाता है कि अंततः विजय सत्य , धर्म और न्याय की होती है।अहंकार और घमंड कभी नहीं करना चाहिए,ये असत्य पर सत्य का प्रतीक है और हमें भी अपने जीवन में अहंकारी रूपी रावण को पैदा नहीं होने देना है क्योंकि रावण की बल और बुद्धि भी प्रभु श्री राम के आगे नहीं चल पाई। इस विजयादशमी के पर्व से हमे सिख मिलती है की कभी भी किसी भी प्रकार का घमंड नहीं करना चाहिए और ना ही अभिमानी होना चाहिए।भगवान श्री राम ने एक अभिमानी का घमंड तोड़ा।

धुर्राबांधा में धूमधाम से मनाया गया विजयादशमी का पर्व



भाटापारा। ग्राम धुर्राबांधा में नवरात्रि के पावन पर्व में नवयुवक रामलीला मंडली के द्वारा विगत कई वर्षो से चलते आ रहे हैं। 20 अक्टूबर को दशमी के दिन रावणभाठा मैदान मे रावण कुंभकर्ण और मेघनाद के विशाल पुतला बना कर पटाखे से भरकर उन्हें प्रभु श्री राम जी के प्रतीक द्वारा जलाया गया, धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने लंका के अहंकारी और अत्याचारी राजा रावण का वध करके माता सीता को मुक्त कराया था। पुतला दहन कर राम जी की सेना अपने पुरी टीम के साथ गांव के हर चौक चौराहों पर राम नाम के नारे के साथ भव्य स्वागत किया गया साथ ही प्रभु राम जी का पूजा अर्चना कर ग्राम के सुख शांति का मनोकामना किया गया। नवयुवक रामलीला मंडली के अध्यक्ष कलेशर वर्मा, मोहनलाल वर्मा, मैनेजर जगदीश ध्रुव, सरपंच मंजू हेमचंद वर्मा, पूर्व सरपंच हेमंत कुमार वर्मा, राकेश, शीतल महाराज, प्रमोद, पप्पू, कृपा, रामप्रसाद, रामकुमार, विजय, कमलेश, कन्हैया वर्मा, एवं बड़ी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

अर्जुनी के रावण भाठा मैदान में रावण दहन



अर्जुनी। असत्य पर सत्य की जीत ,बुराई पर अच्छाई की जीत ,अधर्म पर धर्म की जीत का विजयदशमी का पर्व ग्राम अर्जुनी में 20 अक्टूबर को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अर्जुनी के रावण भाठा मैदान में सर्वप्रथम जनपद सभापति वेदेश्वरी त्रिलोक यादव, सरपंच कविता ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि सुखराम ध्रुव, उप सरपंच विष्णु साहू, गजानंद वर्मा, राजेश्वरी ध्रुव, सहित ग्रामीणों की उपस्थिति में सोन पत्ती का विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद राम और रावण के युद्ध का मंचन हुआ। तत्पश्चात सायंकाल में राम ने रावण को अग्नि बाण से दहन किया। दहन होते ही ग्रामीण सोन पत्ती की ओर जाकर एक दूसरे को सोन पत्ती देकर विजयदशमी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाए दी। इस दौरान विजयदशमी पर्व पर ग्रामीणों की भीड़ रही और एक दूसरे को बधाई देते हुए नजर आए। इस अवसर पर पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, प्रमोद जैन, शत्रुहन रजक, जनक राम वर्मा, टिकेश्वर वर्मा, जवाहरलाल वर्मा, लखन यदु, गंगा प्रसाद यदु, तुलाराम वर्मा, लोकनाथ यदु, रवि ध्रुव, नितेश ध्रुव, सोनू वर्मा, सहदेव मानिकपुरी, संजय साहू, संजय रजक, तथा ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

नगर पालिका अध्यक्ष भाटिया ने किया पुतला दहन, मिनी स्टेडियम में उमड़ी हजारों की भीड़

सिमगा में मनाया गया विजयादशमी पर्व, 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक पर्व विजयादशमी नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। थाना के पीछे स्थित मिनी स्टेडियम में शाम को आयोजित मुख्य कार्यक्रम में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरा मैदान खचाखच भर गया। कार्यक्रम की शुरुआत में ग्राम दुलदुला के रामायण मंडली द्वारा रामलीला का सजीव मंचन किया गया। मंचन के दौरान बीच-बीच में \\/"जय श्री राम\\/" के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।रामलीला में जैसे ही भगवान राम द्वारा रावण वध का दृश्य प्रस्तुत हुआ, दर्शकों में उत्साह चरम पर पहुंच गया।इसके बाद नगरपालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह (राजू) भाटिया ने 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया।

पुतला दहन के साथ ही मैदान में आकर्षक रंग-बिरंगी आतिशबाजी की गई, जिसे देखकर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया ने सभी नगरवासियों को विजयादशमी की बधाई दी। उन्होंने कहा कि विजयादशमी बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व है। भगवान श्रीराम ने शक्ति की आराधना कर रावण रूपी बुराई का अंत किया था, उसी की स्मृति में यह पर्व मनाया जाता है। कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। पुतला दहन के बाद लोगों ने एक-दूसरे को सोनपत्ती देकर विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं।



बरदा में धूमधाम से मनाया गया दशहरा उत्सव, 30 फीट के रावण पुतले का दहन





मुंडा। ग्राम पंचायत बरदा में कई वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वाहन करते हुए इस वर्ष भी बाजार चौक बरदा में 30 फीट रावण का पुतला बनाया गया था शाम होते ही दशहरा मैदान रावण पुतला के पास रावण मेघनाथ विभीषण कुंभकरण के साथ दलबल के साथ पहुंचा। वहीं भगवान श्री रामचंद्र, लक्ष्मण के साथ जयकारा लगाते हुए हनुमान दलबल के साथ दशहरा मैदान पहुंचे। वहीं बरदा की सरपंच देवमती ढुकालू बंजारे के द्वारा पूजा अर्चना करते हुए गांव के सभी लोगों से शांतिपूर्वक दशहरा मनाने की अपील की। वहीं पूर्व जनपद सदस्य कोमल प्रसाद वर्मा रामधन वर्मा के द्वारा दोनों पक्षों का संचालन करते हुए अंगद संवाद विभीषण त्याग और श्री रामचंद्र जी व राजा रावण के बीच युद्ध मंचन करते हुए राजा रावण मारा गया और आतिशबाजी के साथ राजा रावण की पुतला दहन किया गया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि ढुकालू बंजारे, पूर्व जनपद सदस्य कोमल प्रसाद वर्मा, रामधन वर्मा, उप सरपंच बंटी, धर्मेंद्र खूटे, दुखीत यादव, रवि वर्मा, किरीत वर्मा, पुष्पेंद्र वर्मा, हरण वर्मा, गीता राम वर्मा, मायाराम वर्मा, पारथवर्मा अनिल वर्मा, चिंताराम वर्मा, भीखम प्रसाद वर्मा, ग्राम वासी सम्मिलित रहे।

भवानीपुर में 25 फीट ऊंचे रावण का दहन, श्रीराम के जयकारों से गूंजा मैदान



गिधपुरी। विजयादशमी के पावन पर्व पर ग्राम भवानीपुर में 25 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान रावण दहन देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण और दर्शक पहुंचे। पूरा मैदान लोगों की भीड़ से खचाखच भर गया। जैसे ही रावण के पुतले का दहन हुआ, पूरा परिसर जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष से गूंज उठा। आयोजन में उत्साह, उमंग और भक्ति का माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम में राम और रावण की सेना के बीच महासंग्राम तथा भगवान श्रीराम और रावण के बीच महायुद्ध का मंचन आकर्षण का केंद्र रहा। कलाकारों ने युद्ध के दृश्यों के माध्यम से दर्शकों को रोमांचित किया। वहीं जोकर ने अपनी हास्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को खूब गुदगुदाया और तालियां बटोरीं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में आयोजन को लेकर खासा उत्साह रहा। इस अवसर पर सेवकराम साहू, मुखीराम साहू, सरपंच प्रतिनिधि जगदीश लहरे, उपसरपंच फागू राम सेन, इच्छा राम साहू, धनेश्वर साहू, संतोष साहू, लोकनाथ साहू, नरेंद्र चंद्राकर, गौकरण साहू, संतु साहू, नारायण साहू, विजय साहू, पिलूराम विश्वकर्मा, बलिराम साहू, तुमनाथ विश्वकर्मा, बोधि साहू, दुखितराम साहू, केशव ध्रुव एवं संजू साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

वर्षों से चली आ रही परंपरा

भवानीपुर में विजयादशमी पर रावण दहन की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। हर साल ग्रामीण इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। रावण दहन के माध्यम से बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जगत राम ध्रुव, फागू राम सेन, सीताराम साहू एवं नारायण निषाद ने कहा कि दशहरा केवल रावण दहन का पर्व नहीं, बल्कि अपने भीतर की बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प लेने का अवसर है। भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, मर्यादा, त्याग और धर्म का प्रतीक है। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में सद्भाव, एकता और नैतिक मूल्यों को मजबूत किया जा सकता है।



शहीद उप निरीक्षक युगल किशोर को दी गई श्रद्धांजलि



पलारी। राष्ट्र की रक्षा, आंतरिक सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दौरान अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों के सम्मान में बुधवार को 'पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गौरव राय के कुशल निर्देशन में विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में शहीद उप निरीक्षक युगल किशोर वर्मा के नाम पर स्थापित शहीद युगल किशोर वर्मा प्राथमिक विद्यालय पलारी मे गरिमामयी कार्यक्रम आयोजित कर अमर शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित पुलिस अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और गणमान्य नागरिकों द्वारा शहीद उप निरीक्षक युगल किशोर वर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया।

कर्तव्य पथ पर अमर बलिदान की स्मृति

पुलिस स्मृति दिवस का यह दिन देश के उन तमाम पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों के शहीदों की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने अपनी ड्यूटी के दौरान कर्तव्य पथ पर अपने प्राणों की आहुति दी है। जिले के पुलिस परिवार द्वारा अमर शहीदों के परिजनों के प्रति भी सम्मान प्रकट करते हुए उनके कल्याण के लिए हरसंभव प्रयास करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण तथा स्थानीय पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने शहीद स्मारक/चित्र के समक्ष मौन रखकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

वक्ताओं ने उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और देशसेवा के प्रति समर्पण को याद करते हुए कहा कि पुलिस बल के जवानों का यह सर्वोच्च बलिदान सदैव नई पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।

निष्पक्ष चुनाव की मांग को लेकर निकाला मार्च, मुख्य चुनाव आयुक्त का फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार लोकतंत्र की रक्षा, संविधान के सम्मान और निष्पक्ष चुनाव की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भाटापारा शहर अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा एवं ग्रामीण अध्यक्ष अमर मंडावी के नेतृत्व में "वोट बचाओ, देश बचाओ" अभियान के अंतर्गत मार्च एवं पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और नागरिकों के मताधिकार को सुरक्षित रखने की आवाज बुलंद की। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा ने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने, संविधान की मूल भावना की रक्षा करने और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत बनाने की मांग उठाई। पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा कि मतदान का अधिकार लोकतंत्र की आधारशिला है तथा प्रत्येक नागरिक के मत का सम्मान होना चाहिए। निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव व्यवस्था से ही लोकतंत्र में जनता का विश्वास कायम रह सकता है। मार्च के पश्चात कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया।

इस दौरान गणेश ध्रुव, सतीश अग्रवाल, सुनील माहेश्वरी, आलोक मिश्रा, अजय ठाकुर, रोशन हबलानी, चंद्रशेखर चक्रधारी, गौरी भृगु, विमलेश्वरी ध्रुव, अरुण यादव, नानू सोनी, नितिन शुक्ला, सचिंद्र शर्मा, प्रेमलता दुबे, अयूब बांठिया, सुंदरलाल साहू, कोमल साहू, मनहरण वर्मा, आबिद खान, पुनीत मानिकपुरी, ओम प्रकाश यदु, शेषनारायण यदु, विमल शर्मा, नीलकंठ ध्रुव, राजा तिवारी, मनमोहन कुर्रे, मोहन निषाद, विवेक यदु, विजय महिलांगे, शशांक बंजारे, हंसराज बंसल, ईश्वर सेन, रामरतन दांडेकर दानी, भारत, पूर्णिमा श्रीवास उपस्थित थे।

मोहरा में रामलीला के साथ मनाया गया दशहरा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावण

ग्राम मोहरा में असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव में उत्सव का माहौल रहा। ग्राम मोहरा के रामनगर चौक पर रामलीला का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों और मर्यादा पुरुषोत्तम के आदर्शों को प्रस्तुत किया गया। रामलीला देखने के लिए ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। दशहरा पर्व भारतीय संस्कृति और परंपरा में विशेष महत्व रखता है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई, अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर बुराई का अंत किया था। तभी से विजयादशमी का पर्व पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है।ग्राम मोहरा के रामनगर चौक में आयोजित रामलीला के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन, उनके त्याग, धैर्य, साहस और धर्म के प्रति समर्पण को दर्शाया गया। रामलीला के विभिन्न प्रसंगों ने दर्शकों को धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। आयोजन के दौरान लोगों ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश ग्रहण किया।दशहरा पर्व केवल धार्मिक उत्सव ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का अवसर भी है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण अंचल की सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा मिलता है और नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति एवं धार्मिक मान्यताओं से परिचित होने का अवसर मिलता है।ग्राम मोहरा में रामनगर चौक पर रामलीला के आयोजन के साथ दशहरा पर्व ने धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा की जीवंत झलक प्रस्तुत की। पर्व के माध्यम से ग्रामीणों ने सत्य, सदाचार और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।



बाना और खप्पर के साथ निकला विसर्जन जुलूस



लवन। आदिशक्ति की भक्ति और आराधना के महापर्व शारदीय नवरात्र के समापन पर विजयादशमी के दूसरे दिन भी नगर और आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक आयोजनों की धूम रही। देवी मंदिरों और पूजा पंडालों में पूरे दिन अनुष्ठानों का दौर चलता रहा। अष्टमी और नवमी तिथि पर देवी पंडालों, मंदिरों के साथ-साथ श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी कन्याभोज का भव्य आयोजन किया। नौ दिनों तक चली शक्ति की साधना के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन और पूर्णाहुति संपन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन के साथ-साथ जरूरतमंदों और गोवंश को भोजन कराकर पुण्य लाभ अर्जित किया। बुधवार को आदिशक्ति मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के लिए पारंपरिक और भक्तिमय माहौल में भव्य जुलूस निकाला गया। ढोल-नगाड़ों की थाप और डीजे की धुन पर नाचते-गाते और जयकारे लगाते हुए सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे नम आंखों से विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान पारंपरिक अनुष्ठान के तहत मां काली ने खप्पर खोला और भक्तों ने बाना धारण कर अपनी अगाध आस्था का परिचय दिया। शोभायात्रा के बाद नगर के प्रमुख तालाबों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विधि-विधान से विसर्जन किया गया।

मांदर और पचरा की गूंज के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का विर्सजन

करही बाजार। नगर में शारदीय नवरात्र के समापन पर मां दुर्गा की विदाई भावुक माहौल में की गई। श्री आदर्श नव दुर्गा समिति, करही बाजार द्वारा मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर उन्हें नम आंखों से विदाई दी गई। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मां दुर्गा की विदाई के अवसर पर पारंपरिक मांदर, झांझ, जसगीत और पचरा की गूंज से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप और माता सेवा गीतों के बीच श्रद्धालु माता रानी के जयकारे लगाते हुए विदाई समारोह में शामिल हुए। मां दुर्गा के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और भक्ति देखते ही बन रही थी। नवरात्रि के नौ दिनों तक माता की आराधना, पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजनों से भक्तिमय रहा करही बाजार मां की विदाई के समय भावुक नजर आया। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से अगले वर्ष पुनः आगमन की प्रार्थना करते हुए क्षेत्र में खुशहाली, अच्छी वर्षा, किसानों की समृद्धि और सभी के जीवन में सुख-शांति बनाए रखने की कामना की। जय माता दी के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को विदाई दी और अगले वर्ष फिर से आने का निमंत्रण दिया, मां के भक्त अजरदास, हिराराम पटेल, नोहर ध्रुव, राजकपुर, रंजना, ऋषभ, श्रुति साक्षी केशरवानी, दुलारू यादव, बुधारु यादव, साहिल, राम जी, अनिल देवांगन, कृष्णा दास, दीपांशु, देवप्रसाद, मुलशंकार, राजेंद्र रजक, मनीष, तेजराम यादव दीपिका, कविता, कुमारी,आरती, शीतल, अंशुईया, हिना, जमुना, सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा में धूमधाम से मनाई गई विजयादशमी

विकारों रूपी रावण को जलाना ही सच्ची विजयादशमी: बीके प्रियंका बहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा सेवाकेंद्र में हर्षोल्लास एवं आध्यात्मिक संदेश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सेवाकेंद्र की ओर से रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भाई-बहन, बच्चे एवं नगरवासी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त शासकीय हेड मास्टर एवं व्याख्याता तथा सेवानिवृत्त सीएचसी तिल्दा के गवर्नमेंट ट्रेनिंग ऑफिसर भ्राता विष्णु वर्मा जी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सेवाकेंद्र संचालिका बीके प्रियंका बहन ने विजयादशमी के आध्यात्मिक रहस्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि अपने अंदर के विकार रूपी रावण को जलाना ही सच्ची विजयादशमी मनाना है।

उन्होंने कहा कि आज हम सभी आत्माएं बुराइयों रूपी रावण की कैद में हैं। जिस प्रकार रामायण में माता सीता को रावण की शोक वाटिका से मुक्त कराने के लिए भगवान श्रीराम ने मार्ग दिखाया, उसी प्रकार परमात्मा राम का ज्ञान आत्माओं को विकारों और बंधनों से मुक्त होने का मार्ग दिखाता है। बीके प्रियंका बहन ने बताया कि काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे पांच विकार स्त्री और पुरुष दोनों में विद्यमान होकर रावण के दस सिरों का प्रतीक बनते हैं।



बच्चों के रूप में सजे राम-लक्ष्मण और बुराइयों को जलाने का संकल्प

जिस प्रकार रावण के एक-एक सिर को काटने के बाद भी उसका अंत नहीं हुआ और उसकी नाभि पर प्रहार करने से उसका वध संभव हुआ, उसी प्रकार केवल बाहरी बुराइयों को दूर करने का प्रयास पर्याप्त नहीं है। जब मनुष्य देह-अभिमान अर्थात शरीर के भान को त्यागकर आत्मिक स्वरूप में स्थित होता है, तब विकारों पर विजय प्राप्त करना सहज हो जाता है। कार्यक्रम में दो नन्हे बच्चे भगवान श्रीराम और लक्ष्मण की मनमोहक वेशभूषा में सजे हुए थे, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। बच्चों और उपस्थितजनों ने 'जय श्रीराम' के जयघोष के साथ उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सभी ने कागज पर अपनी एक-एक बुराई लिखकर उसे रावण के पुतले के साथ जलाया और अपने भीतर की बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि भ्राता विष्णु वर्मा ने उपस्थितजनों एवं नगरवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम ने सभी को यह प्रेरणा दी कि पर्व की सार्थकता केवल रावण दहन में नहीं, बल्कि अपने जीवन से बुराइयों को मिटाकर श्रेष्ठ संस्कार अपनाने में है।

